भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या: *190
12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

सिकल सेल एनीमिया का उपचार

***190. श्री गजेन्द्र सिंह पटेलः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संयुक्त राज्य अमरीका के येल विश्वविद्यालय द्वारा सिकल सेल एनीमिया के लिए एक सफल उपचार/चिकित्सा की खोज की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या सरकार का विचार उक्त विश्वविद्यालय के परामर्श से देश भर में सिकल सेल एनीमिया के रोगियों को उपचार/चिकित्सा प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री
(श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) और (ख): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

12 दिसंबर, 2025 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं.190 के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) और (ख): समाचार रिपोर्टों के अनुसार, सिकल सेल रोग (एससीडी) के लिए हाल ही में दो जीन थेरेपी को अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेसन (एफडीए) द्वारा अनुमोदित किया गया है। जीन थेरेपी संबंधी शोध येल विश्वविद्यालय (संयुक्त राज्य अमेरिका) के डॉक्टरों द्वारा किए गए हैं।

भारत सरकार ने नवंबर, 2025 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के माध्यम से सिकल सेल रोग (एससीडी) के लिए देश में विकसित सीआरआईएसपी आधारित जीन थेरेपी, जिसका नाम बीआईआरएसए -101 है, की शुरुआत की। इस थेरेपी को सीएसआईआर-इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (सीएसआईआर-आईजीआईबी) द्वारा तैयार किया गया है और उत्पादन तथा भविष्य में स्केल अप करने के लिए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ प्रौद्योगिकी अंतरण समझौता किया गया है। इस पहल का उद्देश्य प्रभावित आबादी - विशेष रूप से आदिवासी और उच्च रोगभार वाले क्षेत्रों - को किफायती और सुलभ उपचार प्रदान करना है और यह "2047 तक सिकल सेल मुक्त भारत" के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप है।

इसके अलावा, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएससीएईएम), जिसका उद्देश्य सिकल सेल एनीमिया के रोगियों को किफायती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण परिचर्या प्रदान करना है, के तहत देश भर में जिला अस्पतालों से लेकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्तर तक के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर सिकल सेल रोग से पीड़ित रोगियों और वाहकों की पहचान करने के लिए जांच की जाती है। इस रोग के प्रबंधन में प्रयुक्त दवा हाइड्रोक्सीयूरिया को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की आवश्यक दवाओं की सूची में उप-स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी)/शहरी पीएचसी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों में सिकल सेल एनीमिया के उपचार के लिए शामिल किया गया है। एससीडी से पीड़ित रोगियों को एएएम के माध्यम से उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए निम्नलिखित सेवाएँ/सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं;

- हाइड्रोक्सीयूरिया दवा नि:शुल्क प्रदान की जाती है।
- रोगग्रस्त व्यक्तियों का नियमित अंतराल पर अनुवर्ती परीक्षण।
- जीवनशैली प्रबंधन, विवाह-पूर्व और प्रसव-पूर्व निर्णयों के संबंध में परामर्श।
- फोलिक एसिड की गोलियों के वितरण के माध्यम से पोषण संबंधी पूरक सहायता।
- योग और आरोग्य सत्र आयोजित करना।
- संकटकारी लक्षणों का प्रबंधन और उच्चतर सुविधा केंद्रों के लिए रेफरल।

यह मंत्रालय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) के रूप में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर सिकल सेल एनीमिया संबंधी जांच और दवाओं की खरीद के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

*****